सार-समाचार

श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी सजाई

हिण्डौन सिटी, (निसं)। समीप के गांव खेड़ा जमालपुर में प्राचीन ठाकुर जी मंदिर पर रविवार से आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के दौरान भागवत आचार्य श्री भाष्करेय जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। गांव के प्राचीन ठाकुर जी मंदिर के महंत बृजकिशोर तिवारी एवं भूपेश तिवारी ने बताया कि गांव खेड़ा में करौली रोड स्थित ठाकुर जी महाराज के प्राचीन मंदिर पर गत रविवार से शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य भाष्करेय जी महाराज ने कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अब पाप बढ़ता है। तब-तब पाप का नाश करने के लिए और धर्म की रक्षा करने के लिए स्वयं ईश्वर अवतार लेते हैं। इस दौरान उनके श्री मुख से संपूर्ण भाव के साथ प्रस्तुत कथा का आनंद ले रहे श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की सजीव झांकी भी सजाई गई। जिसके दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी। इस अवसर पर मौजूद महिलाओं ने भगवान की जन्म पर बधाई गीत गए और खूब सामूहिक नृत्य किया। गत चार दिन से चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान से पूरे गांव का माहौल धर्म में हो गया है। कथा का आनंद लेने के लिए आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित हो रहे हैं।

कोतवाली थाना अधिकारी ने संभाला कार्यभार

करौली, (निसं)। कोतवाली थाना अधिकारी के स्थानांतरण हो जाने के बाद अब आध्यात्म गौतम ने थाना अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। ज्ञात रहे कि गत दिनों पुलिस कि तबादला सूची में करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार का स्थानांतरण भरतपुर जिले के डीग थाने पर हो गया उनके स्थान पर पूर्व में थाना अधिकारी रह चुके आध्यात्म गौतम ने बुधवार को कार्यभार ठाहण कर लिया नवनियुक्त थाना अधिकारी गौतम पूर्व मे 1 अगस्त 2018 से 25 फरवरी 2019 तक कोतवाली थाने के थाना अधिकारी रह चुके हैं राष्ट्रदूत से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि पुलिस रेंज भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश एवं करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में सजग रहकर कार्यवाही कि जाएगी उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे स्मैक आउट अभियान,हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियानों में पुलिस टीम के साथ पूरी लगन के साथ कार्य किया जाएगा उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी वहीं थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अपराधी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कि जायेगी।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

करौली, (निसं)। करणपुर क्षेत्र के निकट टोडा गांव में स्थित गुरैया बाबा के स्थान पर कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुरैया बाबा के स्थान पर महंत बाबा राम बालक दास के सानिध्य में टोडा गांव के सर्व समाज के सौजन्य से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ बुधवार को महिलाओं कि कलश यात्रा के साथ भागवत आचार्य गोपेश शर्मा अतेवा वाले के मुखारविंद से शुरू हुआ गांव की सर्व समाज की महिलाओं द्वारा बुधवार को प्राप्त चंबल नदी से कलश यात्रा का शुभारंभ किया कलश यात्रा डीजे के धार्मिक भजनों पर देवस्थान गुरैया बाबा के मंदिर पहुंची जहां आचार्य गोपेश शर्मा के मंत्र उच्चारणो के बीच कलश यात्रा संपन्न हुई उसके बाद संगीत में भागवत कथा का शुभारंभ हुआ संत रामबालक दास ने बताया कि 12 फरवरी को भागवत कथा का समापन होगा और विशाल भंडारा आयोजित होगा।

दुर्घटनाओं की संख्या में आई कमी

करौली (निसं)। करौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में खासी कमी आई है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार, जनवरी 2023 में जहां 25 दुर्घटनाओं में 11 लोगों कि मृत्यु हुई थी और 19 लोग घायल हुए थे वहीं जनवरी 2024 में 25 दुर्घटनाओं में मृतकों कि संख्या घटकर 6 रह गई हालांकि घायलों कि संख्या 30 थी। अभियान की सफलता का प्रमाण है कि जनवरी 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 16 रह गई जिनमें 6 लोगों की मृत्यु हुई और 12 लोग घायल हुए। पुलिस के अनुसार अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का कारण हेलमेट या सीट बेल्ट का उपयोग न करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिसंबर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों,स्कूलों और सड़कों पर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने सभी दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने कि अपील कि है। अभियान के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रखा जाएगा।

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

करौली (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीरपुर गेट मे विद्यालय प्रबंधन समिति तथा विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति कार्यकारणी पदाधिकारी,सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। गंगाराम प्रजापत सचिव ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य अशोक कुमार अठावाल एवं दक्ष प्रशिक्षक गिरधारी लाल नामा ने सरस्वती के चित्र पटल के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया दक्ष प्रशिक्षक गिरधारी लाल नामा एवं शिव लहरी मीना ने एसएमसी के माध्यम से सामुदायिक गतिशीलता तथा जन भागीदारी की जानकारी दी शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 2009 की जानकारी दी उन्होंने बताया कि एसएमसी,एसडीएमसी का 2वर्ष में अनिवार्य रूप से पुनर्गठन किया जाना जरूरी है हर माह बैठक आयोजित की जानी चाहिए लेखा वित्तीय नियमों की जानकारी देते हुए प्राचार्य ने समय से मद बार उपलब्ध बजट का उपयोग करने को कहा कि यूसीईईओ कार्यालय में एक सप्ताह में बिल उपलब्ध कराए ताकि एसएनए से भुगतान किया जा सके बैठक में पीटीआई अमरसिंह,कमला शर्मा,अर्चना शर्मा,तारा नापित,ममता शर्मा,राधारमण शर्मा,गंगा राम प्रजापत,आशा शर्मा,सतवीर जाट,ओम शर्मा,हन्ना खान सहित कई शिक्षक,एमएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौंपा

हिण्डौन सिटी, (निसं)। ग्राम तिघरिया के सैकड़ो लोगों ने ग्राम पंचायत तिघरिया से रणमल पाड़ा ग्राम पंचायत नवसृजित करने को लेकर दिया ज्ञापन, समस्त ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम पंचायत तिघरिया के कुछ हिस्से को पीलवा में जोड़ने की कार्यवाही चल रही है जिसका समस्त ग्रामवासियों ने एक राय होकर विरोध किया,किसी भी स्थिति एवं भौगोलिक परीस्थिति अनुसार पीलवा एवं गांव तिघरिया के लिए सही नही है,दोनों गांवों की लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूरी है,दोनों गांव के मध्य हमेशा तनाव बना रहता है कई बार आपसी वर्ग संघर्ष की स्थिति बन चुकी है ऐसी स्थिति में किसी तरह तिघरिया गांव से काटकर कुछ हिस्सों को पीलवा में जोड़ना न्याय उचित व न्याय संगत नहीं है हमारे तिघरिया गांव की काफी आबादीग्राम पंचायत ढेहरा,ठाम पंचायत महमदपुर में जोड़ रखी है उन सभी को पृथक कर ग्राम पंचायत तिघरिया व दूसरी ग्राम पंचायत रणमल पाड़ा बनाई जाए, क्योंकि दोनों राजस्व गांव है एवं सरकार के नियम की पूर्ति करते हैं अगर किसी भी स्थिति में ठाम पंचायत तिघरिया को तोड़ा जाता है तो समस्त गांव मतदान का बहिष्कार करेगा इस अवसर पर पार्षद गोपेंद्र सिंह पावटा ने कहा कि शासन प्रशासन को गांव तिघरिया की मांग पर जरूर विचार करना चाहिए और जनभावना अनुरूप काम होना चाहिए,इस अवसर पर प्रीतम सरपंच,भगवान सिंह,ज्ञान सिंह,बलबीर सिंह, कप्तान,भरत सिंह,समय सिंह,रामहरि, चतरु, ज्ञानी,प्रेम सिंह,जगदीश, रामनिवास,सुल्तान,अवतार चंद्रभान जसवंत रामस्वरूप भारत रामराज सुभद्दी,लिलो, रतन, श्री राम, जनक, हंसराम सहित सैकड़ो लोग उपलब्धहै

कृषक आईडी के लिए किया पंजीकरण

करौली (निसं)।उपखण्ड अधिकारी करौली एवं प्रभारी अधिकारी कौशल गर्ग ने बताया कि एठीस्टैक योजना के तहत बुधवार को जिले में ठाम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाये गये। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में तहसील करौली की ग्राम पंचायत राजौर, मासलपुर की डुकावली,सपोटरा की चैडागांव,मंडरायल की दरगंवा,हिण्डौन की महूखास, सूरौठ की जटवाडा, श्रीमहावीर जी की नगला मीना,टोडाभीम की माचडी, नादौती की नादौती एवं बालघाट की रानौली पंचायत में शिविर लगाये गये।

भुसावर में अमर शहीद रमेश स्वामी का बलिदान दिवस मनाया

भरतपुर, (निसं)। जिले के कस्बा भुसावर में 5, फरवरी 1947, को अंठोजी हुकूमत के द्वारा चलाई जा रही बेगार प्रथा का विरोध करते हुए देश के लिए शहीद हुए रमेश स्वामी का 78वां बलिदान दिवस रमेश स्वामी पार्क में नम आंखों से गर्व के साथ मनाया गया। जहां पार्क में लगी रमेश स्वामी की प्रतिमा पर शीश झुकाकर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

अमर शहीद रमेशवामी के बलिदान दिवस पर प्रातः हाथों में ध्वजा पताका लिए कस्बे के रामेश

■ पुष्प अर्पित कर रमेश स्वामी को श्रद्धांजलि दी

भुसावर में अमर शहीद रमेश स्वामी का 78वां बलिदान दिवस मनाया।

स्वामी पार्क से विभिन्न मार्गो से होकर प्रभात फेरी मे जब तक सूरज चांद रहेगा स्वामी आपका नाम रहेगा के साथ भारत माता एवं वीर शहीदों के जयघोष कर वातावरण को गुंजायमान एवं देशभक्ति में कर दिया। प्रभात फेरी के बाद रमेश स्वामी पार्क में 9 बजे कन्या गुरुकुल आर्य समाज की छात्राओं एवं पदाधिकारीओ के द्वारा आर्य पद्धती से हवन यज्ञ कर स्वामी की आत्मा की शांति के लिए आहुतियां प्रदान करते हुए भगवान से प्रार्थना की गई। वही रमेश स्वामी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर पालिका की अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव के मुख्य अतिथि एवं रमेश स्वामी प्रसाद के अध्यक्ष गोविंद सिंह पाण्डेय की अध्यक्षता मे किया गया। जहां सर्वप्रथम अमर शहीद रमेश स्वामी के परिजनो के साथ नगरपालिका भुसावर के उपाध्यक्ष धीरज कुमार पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय उर्फ सेला बाबा, पार्षद लक्ष्मीकांत उर्फ होला पाण्डेय, रामस्वरूप सैनी उर्फ बंटी भगत, कवि पूरणमल, वीरेंद्र कुमार, पिंटू, राहुल शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा सहित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वही रमेश स्वामी पार्क में सभा के दौरान राजेंद्र शर्मा राजू पथेना, बुजुर्ग पंडित किशोरी लाल, मोहनलाल सैनी, राजेंद्र पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रकाश जाटव ने अपने विचार रखते हुए अमर शहीद रमेश स्वामी की जीवनी पर प्रकाश डाला। वही रमेश स्वामी पार्क में श्रद्धांजलि सभा के मंच का संचालन गांधी ज्योति माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक राजेंद्र पाण्डेय द्वारा किया गया। वही भुसावर कस्बे के सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं, विद्यालयों के बच्चों के अलावा गुरुजन ने रैली निकालते हुए रमेशवामी पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया।

300 पुलिस मित्रो को टी-शर्ट की वितरित

करौली में टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस मित्र व अधिकारी उपस्थित रहे।

करौली, (निसं)। जिला पुलिस थानों के करीब 300 से अधिक पुलिस मित्रों को टी शर्ट वितरित कि गई।

करौली कलेक्ट्रेट स्थित टाउन हॉल में आयोजित टीशर्ट वितरण कार्यक्रम में कार्यक्रम आयोजक मित्राय बी ह्यूमन फाउंडेशन के सदस्य समाज सेवी बबलू शुक्ला ने बताया कि मित्राय बी ह्यूमन फाउंडेशन ठ्रुप द्वारा जिले के सभी पुलिस मित्रों को करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में पुलिस लोगो एवं पुलिस मित्र प्रिंट हुई 300 से अधिक टी शर्ट वितरित की गई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम जाट,उप पुलिस अधीक्षक अनुज शुभम,जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी रहे। सभी अतिथियों एवं मित्राय के फाउंडर सदस्य डॉ विनीत शर्मा, डॉ. रश्मि व'ाष्टि,एडवोकेट नवल किशोर शर्मा, ललित हरदैनिया,महेंद्र सूरोठिया,धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा वितरण की गई। समाजसेवी बबलू शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा कि मित्राय बी ह्यूमन फाउंडेशन संस्था संपूर्ण प्रदेश में सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों में सदैव सहयोग और सेवा में आगे रहती है तथा समाज में पुण्यार्थ सेवा सहयोग कार्यों में अपना भरपूर संभव सहयोग प्रदान करती रहती है इसी क्रम में मित्राय ठ्रुप द्वारा पुलिस का लोगो लगा एवं पुलिस मित्र एवं सेवा सहयोग समर्पण वाला प्रिंट हुआ टी-शर्ट अतिथियों के करकमलों से पुलिस मित्रों को प्रदान किए गए साथ ही मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मित्र जन सेवा सहयोग कार्य एवं कानून व्यवस्था बनाने सहित पुलिस के विभिन्न कार्यक्रमों एवं पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में टी-शर्ट को पहनकर कार्य करेंगे तो उनकी पहचान पुलिस मित्र के रूप में सभी पुलिसकर्मियों को दिखेगी साथ ही पुलिस मित्रों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा संदेश दिया गया कि वह अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करें समाज में पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का प्रयास करें कार्यक्रम में एडवोकेट नवल किशोर शर्मा एवं डॉ विनीत शर्मा ने जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम जाट आदि मौजूद रहे।

डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी व चौधरी को लिखे पत्र

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने केन्द्रीय सडक, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्री जयंत चौधरी को अलग-अलग पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 के जयपुर से ऊंचा नगला भरतपुर तक गलत स्थानों पर बने फ्लाई ओवरों का मुख्य स्थानों पर निर्माण करवाने का आठाह किया है ताकि टैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके। डॉ गर्ग ने दोनों ही केन्द्रीय मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि जयपुर से भरतपुर ऊंचा नगला तक लगभग 190 किलोमीटर सडक राष्ट्रीय राजमार्ग पर जो भी राजमार्ग पर कानौता, बस्सी, मानपुर, सिकन्दरा, छौंकरवाडा, घना वर्ड सेंचुरी क्षेत्र में जो फ्लाई ओवर बनाये गये हैं। वह 100 से 300 मीटर आगे या पहले बनाये गये हैं। जो तकनीकी दृष्टि से सही स्थान पर नहीं बने हैं और इसी के फलस्वरूप टैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। डॉ गर्ग ने पत्र लिखकर आठाह किया कि तकनीकी दृष्टि से व टैफिक को देखते हुये कानौता चौराहा, बस्सी चौराहा, मानपुर चौराहा, सिकन्दरा चौराहा, महुआ मोड पर एक महुआ से पहले और दूसरा महुआ के बाद, खेडली मोड, छौंकरवाडा चौराहा, डहरा मोड, सेवर चौराहा, टैक्नोलॉजी पार्क (सेवर तिराहा), शीशम चौराहे से बरसो तक एलीवेटेड रोड, ऊंचा नगला चौराहे से एनएच-323 मोड तक फ्लाई ओवर बनाये जायें।

भरतपुर संभाग की गाइड विभाग की रंगोली राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम

भरतपुर, (निसं)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारत स्काउट गाइड संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली में स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक किया गया। जिसमें पूरे भारतवर्ष से पंद्रह हजार से अधिक स्काउट्स गाइड्स ने सहभागिता की। जंबूरी में विभिन्न देशों के स्काउट गाइड्स भी सम्मिलित हुए।

सीओ स्काउट देवेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि इस विशेष जंबूरी में विभिन्न प्रकार की स्काउट गाइड विंग वार एवं सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, कैम्प फायर, कैंप क्राफट, बैंड प्रदर्शन , फिजिकल डिस्पले, फूड प्लाजा, प्रदर्शनी, झांकी प्रदर्शन, एसडीजी प्रोजेक्ट, वाचिंग टावर, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, फर्स्ट एड, अनुमान लगाना, टेंट पिचिंग, एथेनिक शॉ, सिगनेलिंग, स्काउट गेट, गाइड गेट, गाइड रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में राजस्थान प्रदेश से सहभागिता कर रहे 1012 स्काउट्स गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त प्रतियोगिताओं में अव्वल रहते हुए सबसे महत्वपूर्ण तीन पुरस्कार चीफ

जंबूरी की सर्वोच्च पताका राजस्थान ने जीती, डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान रहा विजेता।

नेशनल कमिश्नर शील्ड स्काउट विभाग, चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड गाइड विभाग तथा चीफ नेशनल फ्लैग पर कब्जा बरकरार रखा। इसके साथ ही जंबूरी में आयोजित 22 प्रतियोगिताओं में से 21 प्रतियोगिताओं में राजस्थान दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की इस उपलब्धि पर राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने पूरे दल को बधाई देते हुए इसका श्रेय राजस्थान के कर्मठ स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं एवं जोशीले स्काउट गाइड की मेहनत एवं लग्न को दिया। इस अवसर पर नेशनल चीफ कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल एवं तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री डॉ कोवी चेझीयान ने राजस्थान प्रदेश के राज्य सचिव डॉ पीसी जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूरन सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुयश लोढा एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा व राज्य मुख्यालय के अन्य पदाधिकारियों को तीनों शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान दल स्पेशल ट्रेन से जयपुर से त्रिची तमिलनाडु पहुंचा एवं अपने कौशल एवं समन्वित प्रयास करते हुए भारतवर्ष में राजस्थान की श्रेष्ठता साबित की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड नीता शर्मा के नेतृत्व भरतपुर संभाग से जिला भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर से कुल 101 सम्भागीयों ने भाग लिया एवं जिले भरतपुर से कुल 30 सम्भागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें एक पेट्रोल स्काउट तथा दो पेट्रोल गाइड ने सहभागिता की। जंबूरी में जिला भरतपुर से मास्टर आदितेन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरतपुर से 2 स्काउट, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेडली गडासिया से 2 स्काउट, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौली चौथ के 4 स्काउट, यूनिट लीडर गोविन्द सिंह उपप्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाछरैन एवं स्काउटर भगत सिंह गुलशन सचिव स्थानीय कामां के नेतृत्व में सहभागिता की।

सार-समाचार

सायबर सुरक्षा पर कार्यशाला

करौली (निसं)। करौली के स्थानीय महाविद्यालय में निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग जयपुर राजस्थान सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मरू उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत सायबर सुरक्षा विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लक्ष्मन धाकड़ ने बताया की कार्यक्रम में गुमनाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्य वक्ता रहे. गुमनाराम ने कहा कि सायबर ठगी कई प्रकार से होती है.उन्होंने बताया की समाज में कई तरह के अपराध बढ़ गए है जैसे अनजान लिंक,कोई एजेंसी देने के नाम पर भ्रामक प्रचारक सामठी, ंपीके फाइल्स,डिजिटल गिरफ्तारी,शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी, पार्ट टाइम जॉब, अपने किसी सम्बन्धी के दुर्घटना ठास्त होने कि झूठी खबर,झूठी गिरफ्तारी कि भ्रामक सूचना देकर सायबर अपराध किया जाता है व्यक्ति अनजान लिंक में उलझकर लालच में अपराध कर बैठते है तथा सामाजिक आलोचनाओं के भय से अपनी शिकायत पुलिस में नहीं करते और अनजान डर के साए में अपने आपको उलझा लेते है उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा की यदि ऐसा कोई अपराध देखे या किसी के साथ ऐसी घटना घटित हो तो हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर या साईबर क्राईम कि वेबसाईट पर अपनी शिकायत दर्ज की जा सकती है. उन्होंने सड़क सुरक्षा की तरफ भी ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जैसे हम सभी सुरक्षा कारणों को आधार बना कर अपने महंगे एंड्राइड मोबाइल्स को बचाने के लिए कवर का उपयोग करते है उसी प्रकार अपने अनमोल जीवन को बचाने के लिए हेलमेट का उपयोग किया जाना आवश्यक है.उन्होंने यह भी कहा कि प्यारे विद्यार्थियों जीवन में शिक्षित बने डिठ्ठी धारक बन कर अपने जीवन में उन्नित करना संभव नहीं होता समाज में सम्मान पाने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है तथा शिक्षा को अपने व्यवहार में उतारना आवश्यक है.इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.।

पड़ौसियों से तंग महिला कुएं में कूदी

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती गांव महानंदपुर में पडोसियों की कथित प्रताडना से तंग आकर बुधवार दोपहर एक महिला ने कुएं में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ से महिला को समय रहते बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 12.30बजे की है। सुमेर बाई मीणा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित कुएं में कूद गई। पास में मौजूद मोहन सहित अन्य ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को कुएं से बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के लिए उसे पहले सीपी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उसे सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीडिता की बहू प्रीति ने पडोसी रुकमकेश, मुकेश, हंसराज और रामकेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वे अपनी जमीन की सीमा में नाली और दीवार का निर्माण कर रहे थे, जिसे पडोसियों ने अतिक्रमण बताकर अधिकारियों से तुडवा दिया। प्रीति का आरोप है कि आरोपी पडोसियों ने खुद सरकारी बोरिंग पर कब्जा कर रखा है, लेकिन प्रशासन ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक संतराम और सदर थानाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि महिला के होश में आने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा और दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महिला खतरे से बाहर है और उनका सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

करंट से किसान की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती छार्रा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एक किसान की मौत हो गई। नसिया कॉलोनी निवासी नेमीचंद मीणा अपने खेत में सिंचाई करने गए थे, जहां मोटर स्टार्ट करते समय करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचित किया। परिजन तुरंत नेमीचंद को गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया। कोतवाली थाना के एएसआई नौशाद खान की मौजूदगी में और परिजनों की सहमति के बाद मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के दो बच्चे हैं, जिनमें बेटा कस्टम विभाग में कार्यरत है। अस्पताल में जैसे ही मौत की खबर फैली बडी संख्या में रिश्तेदार और परिजन वहां पहुंचे।

युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न

करौली (निसं)। जिला युवा कांग्रेस करौली की प्रथम जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष खेमसिंह मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में राजस्थान युवा कांठोस प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने विशेष रूप से भाग लिया। करौली के भंवर विलास मैरिज गार्डन मे आयोजित बैठक के दौरान मोहम्मद शाहिद ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद आईबाईसी ऐप कि अवधारणा के बारे में जानकारी देते हुए इसे संगठन की कार्यप्रणाली में शामिल करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष खेम सिंह मीणा ने संगठन के विस्तार और युवाओं को जोड़ने की रणनीतियों पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने की अपील की। इस अवसर पर राजस्थान युवा कांठोस के संभागीय प्रभारी सीपी मीणा,जिला प्रभारी रविन्द्र मौर्य,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेंद्र मनेमा,पूर्व सभापति प्रतिनिधि करौली अमीनुद्दीन खान,हिंडौन विधानसभा अध्यक्ष फैजान खान,वनराज,लवकुश,ऋषिराज,लोकेश टोडाभीम,अशोक जागा,शकील अहमद, अमृत लांगरा ,अंकुर मीणा,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शिवकेश खेड़िया, रोहतास मावई,हनुमान तिगरिया,विष्णु खटाना,रंजीत सिंघानिया, परसराम, दशरथ, सोनू,राजेश पहाड़ी,धनसिंह,मगन,घनश्याम,डंडी महाराज, रामकेश, राजू,उदयसिंह,पंचायत समिति सदस्य अवधेश, हनी,विष्णु, रघुराज,अजहर, आमिर खान,शौकत,शराफत खान,कशिश,मुकेश,रसूल खान एवं सैकड़ो युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीनी विवाद को लेकर हंगामा

भरतपुर (निस)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर घमासान हुआ। जिसमें तीन महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। एक पक्ष के भूरी सिंह का कहना है कि उनका जमीनी विवाद चल रहा है। कोर्ट भी इस मामले में उनके पक्ष में फैसला कर चुका है। लेकिन दूसरा पक्ष उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहता है। जिसे लेकर पुलिस में भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन दूसरा पक्ष मानने को तैयार नहीं है। इसी विवाद को लेकर झगडा कर दिया। पुलिस में शिकायत करने पर विजय के परिवार ने ईट भाटे का पथराव कर दिया। जिसमें उसके पुत्र व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष की महिला सुनीता पत्नी विजय का कहना है कि उसकी पुत्री मधु की आगामी 14 फरवरी को शादी है। विजय अपने पुत्र देवेश के साथ मधु की शादी के लिए उत्तरप्रदेश से बाइक खरीदने गया हुआ था। सुनीता घर पर अपनी पुत्री की शादी की तैयारियों के काम काज में लगी हुई थी तथा घर पर पीड़ित की पत्नि व पुत्री के अलावा परिवार का अन्य कोई व्यक्ति घर में मौजूद नहीं था। शाम 5.30 बजे के लगभग पड़ोसी भूरी के परिवार ने हाथों में सरिया व तलवार लेकर जान से मारने की नीयत से घर घुसकर हमला कर मारपीट की। जिसमें उसके व उसकी पुत्री मधु को गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सेमिनार का आयोजन

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सेमीनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि कैंसर एक लाइलाज बीमारी है। इससे विश्व भर में 50 लाख से अधिक मौत प्रति वर्ष होती हैं। जन-जागरूकता से खान-पान की आदतों में सुधार, खेती में रसायनों का कम प्रयोग तथा पर्यावरण प्रदूषण कारकों को कम करके कैंसर बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। किसान फसलों विशेषत फल एवं सब्जियों में कीट एवं बीमारियों की रोकथाम के लिए रासायनिक पेस्टी साइड्स की अत्यधिक प्रयोग करते हैं पेप्टीसाइड युक्त फल एवं सब